दिन–बुधवार दिनांक– 23 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

विधानमंडल के मानसून सत्र के तीसरे दिन भी आज विपक्षी सदस्यों का मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर हंगामा जारी है। विधानसभा की कार्यवाही शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया। श्री यादव ने कहा कि एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग संवैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए इस मुद्दे पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है। आयोग की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कल एक हलफनामा भी दायर किया गया, जिसमें इस बात का कहीं उल्लेख नहीं है कि मतदाता सूची में बांग्लादेशी, नेपाल और म्यांमार के नागरिक मिले हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस मुद्दे का कोई औचित्य नहीं है। मॉनसून सत्र के बाद चुनाव होने वाले हैं। इसलिए सत्र के बाकी बचे दिनों में विधायी कार्य शांतिपूर्ण ढंग से होने चाहिए।

————————————————————————

इधर, मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद राजद के भाई वीरेन्द्र ने आपत्तिजनक टिप्पणी की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने उनसे खेद प्रकट करने को कहा। अध्यक्ष ने कहा कि जब तक वे अपनी टिप्पणी के लिए खेद नहीं प्रकट नहीं करेंगे तब तक सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी। इस बीच, पक्ष और विपक्ष के विधायक लगातार हंगामा करते रहे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विधान परिषद में भी एसआईआर पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित हुई है।

————————————————————————

इधर, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही भी बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर समेत विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच

दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पूर्व हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल पूरा किया गया।

---

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्षों में बिहार को रेल परियोजनाओं के लिए दिए जाने वाले बजटीय आवंटन में नौ गुना वृद्धि की गई है। लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि ग्यारह वर्ष पहले बिहार में रेलवे का वार्षिक बजट केवल एक हज़ार एक सौ बत्तीस करोड़ रुपये था और अब यह बढ़कर दस हज़ार करोड़ रुपये हो गया है।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि किसी भी मामले में अधिकृत अधिकारियों के अलावा कोई भी पुलिस अधिकारी मीडिया को वक्तव्य नहीं देगा। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करने के लिए वक्ता के रूप में पहले से ही अधिकारी नामित हैं। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेस से जानकारी साझा करने की जिम्मेवारी नामित अधिकारी को ही दी गयी है।

---

देशभर में आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ सत्ताईस में देश में पहला रेडियो प्रसारण, इंडियन ब्रॉडकॉस्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। यह दिवस भारत के विकास, शैक्षिक प्रसार और सांस्कृतिक संरक्षण में प्रसारण की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। आठ जून, उन्नीस सौ छत्तीस को, इंडियन स्टेट ब्रॉडकॉस्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो—एआईआर कर दिया गया और फिर बाद में इसका नाम आकाशवाणी रखा गया। आकाशवाणी ने वर्षों से, विविध श्रोताओं तक व्यापक पहुँच के साथ अपनी जगह पक्की की है।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसून की सक्रियता में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर—मध्य और उत्तर—पूर्व भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अन्य स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है।

————————————————————————————————————

शेखपुरा जिले के कुसुंभा थाना क्षेत्र के बरैयाबीघा के पास एक पिकअप वैन पलट जाने से उस पर सवार पचास कांवड़िया घायल हो गये।

————————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।